हरिभूमि
# बालोद भूमि
रायपुर, बुधवार 18 दिसंबर 2024


तापमान
अधिकतम 31.4 डिग्री
न्यूनतम 16.6 डिग्री


14 विनम्रता से हर कार्य सिद्ध होता है, विनम्र बनें



13 सेवा सहकारी समिति सुरपा में किया गया किसानों का






Shri Gopala Hospital
श्री गोपाला चाइल्ड एण्ड डेंटल केयर हॉस्पिटल
रत्नाबांधा, दुर्ग रोड, धमतरी
सर्वसुविधायुक्त बच्चों का अस्पताल

बच्चों के संपूर्ण टीकाकरण की सुविधा उपलब्ध

24 घंटे बच्चों के भर्ती व आपातकालीन इलाज

बच्चों के फ्रेक्चर, सर्जरी व ऑपरेशन की सुविधा
सोनोग्राफी, एक्सरे एवं सभी प्रकार के पैथालॉजी जांच सुविधा उपलब्ध


## खबर संक्षेप

### सड़क दुर्घटना में पति-पत्नी घायल

**बालोद।** जिला मुख्यालय से खरीदी कर घर लौट रहे पति-पत्नी को ग्राम नेवारीखुर्द के पास वाहन ने ठोकर मार दी। ठोकर से घायल पत्नी का उपचार जिला अस्पताल में जारी है। ग्राम पैरी निवासी तुलाराम निर्मलकर ने बताया कि 14 दिसंबर को अपनी मोटर सायकल क्रमांक सीजी 24 आर 5569 से अपनी पत्नी सविता बाई निर्मलकर के साथ अपने घर से बच्चों के लिये कपड़ा खरीदने बालोद आया हुआ था। वापस अपने घर जाने के दौरान ग्राम नेवारीखुर्द के पास मेनरोड पर पीछे से आ रहे वाहन क्रमांक सीजी 07 सीएन 8724 के चालक ने उनकी मोटर सायकिल को पीछे से जोरदार ठोकर मार दी। इससे मैं और मेरी पत्नी घायल हो गए। हमें राहगीरों की मदद से जिला अस्पताल बालोद लाया गया जहां मेरा प्राथमिक उपचार हुआ, वहीं मेरी पत्नी को उपचार के लिए भती किया गया। इस मामले में सोमवार को बालोद थाने में वाहन चालक के खिलाफ 125(ए)बीएनएस, 281बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया है।

### 15 पौवा देशी शराब के साथ कोचिया पकड़ाया

**बालोद।** रविवार को ग्राम पड़कीभाट से पोण्डी रोड पुलिया के पास शराब की अवैध बिक्री करते खैरवाही निवासी डुकेश्वर विश्वकर्मा 35 वर्ष को कोतवाली पुलिस ने पकड़ा है। उसके कब्जे से 15 पौवा देशी शराब व नकद 350 रुपए को जब्त कर धारा 34(1)ख के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

### युवक ने किया अग्नि स्नान, मौत

**डौंडीलोहारा।** ग्राम कसही लो निवासी महेंद्र कुमार साहू पिता नोहर साहू ने अपने शरीर पर पेट्रोल डालकर अग्नि स्नान कर लिया। प्रत्यक्षदर्शियों से प्राप्त जानकारी के अनुसार सोमवार रात लगभग 10 बजे वह घर से खाना खाकर दोस्तों के साथ कार से निकला था। नगर के कसही चौक में आकर उसने शौचालय जाने कर बहाना बनाकर कुछ ही दूरी पर स्वयं पर पेट्रोल डालकर आग लगा ली। उसके दोस्तों ने परिजनों को सूचित कर घटनास्थल पर बुलाया, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी। 108 के माध्यम से शासकीय अस्पताल ले जाया गया, जहां से उन्हें राजनांदगांव के लिए रिफर कर दिया गया। अत्यधिक जल जाने के कारण उसकी मौत हो गई।

### नशीला कफ सिरप बेचने वाला पकड़ाया

**भिलाई।** नशीली दवा के साथ युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने जुर्म दर्ज किया है। स्मृति नगर चौकी प्रभारी गुरविंदर सिंग संधु ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर चौहान टाउन के पास बस स्टाफ में प्रतिबंधित नशीली सिरप बेचने वाले को दबिश देकर पकड़ा गया। पूछताछ करने पर अपना नाम सीएसपीजी सीएल कालोनी दर्री बैराज थाना कोरबा निवासी आदित्य गुप्ता जो फिलहाल चौहान टाउन एच 01/ 26 पेंट हाउस में रहता है। जिसे जुनवानी से पकड़ा गया। युवक के पास से सुटकेश से 54 नग नशीली प्रतिबंधित कप हाइड्रोक्लोराइड सिरप, ब्रिकी रकम सात सौ रुपए नगद, मोबाईल जिसकी कीमत 15 हजार 130 रुपए आंकी गई है।

**धान खरीदी :** व्यवस्था नहीं होने के कारण अनलोड नहीं कर पाए रहे धान

# संग्रहण केंद्रों में अव्यवस्था, धान लेकर पहुंचे 300 से ज्यादा ट्रकों के पहिए 4 दिन से जाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

विभाग के जिम्मेदारों की लापरवाही से जिले के 4 संग्रहण केन्द्रों में व्यवस्था गड़बड़ा गई है। अव्यवस्था के कारण बीते 4 दिनों से 300 से अधिक ट्रक संग्रहण केन्द्रों में अनलोड होने के लिए खड़े हैं। इससे खरीदी केन्द्रों में जगह की कमी के कारण जिला का धान खरीदी प्रभावित हो रही है। परिवहन संघ के पदाधिकारियों ने बताया जिले के इन 4 संग्रहण केन्द्रों में पिछले 4 दिनों से गाड़ी खाली नहीं हो रही है, क्योंकि वहाँ पर पर्याप्त मात्रा में भूसा, खाली बोरी की कमी है। इससे धान रखने के लिए स्टेक नहीं बन पा रहा है। मंगलवार को संभावना थी लेकिन सर्वर नहीं होने के कारण कोई भी गाड़ी खाली नहीं हो पाई। संघ ने दावा किया कि चारों धान संग्रहन केंद्रों में लगभग 300 गाड़ियों का लंबा जाम लगा है। इसके कारण जहां वाहन मालिकों को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। इसके साथ ही गाड़ी लोड एवं अनलोड कार्य में लगे हजारों मजदूरों की मजदूरी का नुकसान हो रहा है।

- एक ही जगह ट्रक जाम होने से वाहन मालिकों को उठाना पड़ रहा नुकसान

### खरीदी केंद्रों से धान उठाव में भी आ रही परेशानी




### कई समितियों में जगह की कमी से खरीदी बंद करने की नौबत

गाड़ी खाली नहीं होने के कारण धान खरीदी समितियों से धान का उठाव भी नहीं हो रहा है। इससे समितियों में रखने की समस्या आ रही है। किसानों को जिनको टोकन मिला है, उनको अपनी उपज को बेचने भारी कठिनाई हो रही है, क्योंकि समिति में धान रखने की जगह नहीं है। कुछ समितियों में तो खरीदी भी बंद करने की नौबत आ गई है।

### वाहन मालिकों ने की व्यवस्था बनाने की मांग

वाहन मालिकों ने शासन-प्रशासन से मांग की है कि सभी संग्रहण केंद्रों में समुचित व्यवस्था बनाई जाए, जिससे पर्याप्त मात्रा में गाड़ी खाली कर सकें और उनको आर्थिक नुकसान से बचाया जा सके। संघ ने कहा कि पहले से ही ट्रांसपोर्टर लूप लाइन में चल रहे हैं।

### कम धान खरीदी के लिए तरह-तरह का षड़यंत्र रच रही सरकार : पुकेश

**अंडा।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज के निर्देशानुसार धान खरीदी पर भाजपा सरकार के विरोध में जिला किसान कांग्रेस दुर्ग द्वारा ग्राम अंडा धान खरीदी केंद्र के बाहर धरना प्रदर्शन किया गया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष किसान कांग्रेस के पुकेश चंद्राकर ने कहा कि किसानों का एक साल में हाल बेहाल करने वाली भाजपा सरकार ने धान के एक मुफ्त भुगतान की वादा करने वाली बीजेपी सरकार एक साल में ही किसानों को धोखा देकर राशि प्रदान कर रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि 3100 का धान की राशि का भुगतान मात्र 2300 से कर रही है, किसानों की राशि प्राप्त करने में भी पसीना निकल जा रहा है। उन्होंने कहा कि बीजेपी सरकार किसानों से वादाखिलाफी कर रही है। लक्ष्य के मुताबिक धान की खरीदी न हो सके इसके लिए साय सरकार षडयंत्र रच रही है। इसलिए बारदानों व परिवहन की समस्या बनी हुई है। कांग्रेस पार्टी के दखल के बाद कई धान खरीदी केंद्रों पर नए और पुराने बारदानों से धान खरीदा जा रहा है, जिससे कुछ जगहों पर धान खरीदी बंद हो गई है। सर्वर की समस्या के कारण टोकन लेने में किसानों को समस्या हो रही है। धरना-प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस नेताओं ने अनुभागीय अधिकारी राजस्व तहसील जिला दुर्ग को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया है कि किसानों को धान बेचने के लिए समय पर टोकन नहीं मिल पा रहा है। ऑनलाईन को बंद कर खरीदी केन्द्रों पर टोकन प्रदान किया जाए। राज्य सरकार द्वारा 3100 रूपए के साथ 117 समर्थन मूल्य केन्द्र सरकार द्वारा बढ़ाई गई है, को जोड़कर 3217 रूपए का भुगतान किया जाए। इसी तरह धान खरीदी केन्द्रों में बारदाना की कमी, अतिरिक्त तौल तथा धान के उठाव के संबंध में भी व्यवस्था बनाने की मांग की गई है। इसके साथ ही कांग्रेस नेताओं ने मिलरों की हड़ताल को भी सरकार द्वारा जानबूझकर स्थिति उत्पन्न करने की बात कहते हुए धान की खरीदी नहीं करने का षडयंत्र लगाया है। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष पुकेश चंद्राकर, ब्लॉक अध्यक्ष प्रदीप चंद्राकर, अध्यक्ष साहकारिता प्रकोष्ठ रिवेन्द्र यादव, पूर्व मंडी सदस्य तारकेश्वर चंद्राकर, अरबन वर्मा, प्रवीण चंद्राकर, रोहित साहू, डॉ पिलेश्वर चंद्राकर सहित किसान कांग्रेस के सदस्य शामिल हुए।

- जिला किसान कांग्रेस दुर्ग के पदाधिकारियों ने अंडा धान खरीदी केंद्र के बाहर किया प्रदर्शन




## माटरी के ग्रामीणों ने कलेक्टर से की शिक्षिका की शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

ग्राम माटरी के ग्रामीणों ने शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला की प्रभारी प्रधानपाठिका तवेही अंसारी पर अध्यापन कार्य में लापरवाही बरतने का आरोप लगाते हुए अन्यत्र शाला में स्थानांतरित करने की मांग को लेकर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है। ग्रामीणों ने बताया कि इससे पूर्व उन्होंने विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी को ज्ञापन सौंपा था, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की गई।

ज्ञापन में ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि ग्राम माटरी में कार्यरत शिक्षिका तवेसी अंसारी अपने कर्तव्य का पालन नहीं करतीं। समय पर स्कूल नहीं आतीं, बच्चों को पढ़ाने के बजाय मोबाईल में लगी रहती हैं। उन्होंने कहा कि इस वर्ष जुलाई माह में स्कूल खुलने के बाद से दो माह में मुश्किल से 12–15 दिन स्कूल आईं और मेडिकल अवकाश लेकर तीन माह की छुट्टी पर चली गईं। तीन माह की छुट्टी खत्म होने के बाद केवल एक ही दिन स्कूल आईं और फिर से मेडिकल अवकाश पर चली गईं। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि इस कारण बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। ग्रामीणों ने बताया दो वर्षों से जिला शिक्षा अधिकारी बालोद को कई बार इसके संबंध में आवेदन दिया, आज पर्यन्त कोई कार्रवाई नहीं की गई। उन्होंने कहा कि शिक्षिका को पालकों एवं शाला विकास समिति के सदस्यों ने स्कूल जाकर कई बार समझाने का प्रयास भी किया, लेकिन कोई फायदा नहीं हुआ।

इसलिए बच्चों की पढ़ाई एवं उनके भविष्य को ध्यान में रखते हुए शिक्षिका को शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला माटरी से तत्काल स्थानांतरण किया जाए। इसके साथ ही चेतावनी भी दी है कि यदि उनका स्थानांतरण नहीं किया गया, तो शीतकालीन अवकाश के बाद ग्रामवासी स्कूल में तालाबंदी करने को विवश होंगे।



## परिवार के लोगों में मारपीट, मामला दर्ज

**बालोद।** शहर के मरारपारा में मामूली सी बात को लेकर एक परिवार के पांच लोगों के बीच मारपीट हो गई। मामले में लगभग एक माह बाद 16 दिसंबर को बालोद थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।

मरारपारा बालोद निवासी निकहत नशीन ने पुलिस को बताया कि 14 नवंबर को अपने घर के बाहर खड़ी स्कूटी को घर आंगन में ले जा रही थी, तभी मेरे ससुर मो. याशिन खान यहां पे स्कूटी क्यों खड़ी करती हो कहकर मारपीट करने लगे। उनके साथ सास रशीदा बेगम एवं मेरे देवर मो. निशार खान ने भी मारपीट की। मारपीट करते देख मेरी बड़ी लड़की आशिफा अंजुम बीच बचाव करने पहुंची, तो उसके चाचा ने उसे भी पीटा। उन्होंने कहा कि परिवारिक मामला होने के कारण तत्काल रिपोर्ट दर्ज नहीं कराई थी। प्रार्थी की रिपोर्ट पर तीन लोगों के खिलाफ 115(2) बीएनएस, 296 बीएनएस, 3(5) बीएनएस 351(2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया है।

## बेघर होने की आशंका, जवाहरपारा निवासियों ने कलेक्टर से की भेंट



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

पट्टा नहीं मिलने के कारण घर से बेघर होने की आशंका को देखते हुए 30 से 40 परिवारों के लोग एकजुट होकर कलेक्टर से अपनी समस्या बताने पहुंचे। जवाहपारा वार्ड नंबर 11 के निवासियों ने जमीन का पट्टा प्रदान करने व नोटिस से निजात देने की मांग को लेकर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में कहा गया है कि हम जवाहर पारा वार्ड नंबर 11 गांधीनगर में लगभग 30 साल से रह रहे हैं। 13 दिसंबर 2024 की सरिता श्रीवास्तव पति स्व.राजेश श्रीवास्तव के नाम पर मनोरमा गांधी पति स्व. रमेश चंद गांधी द्वारा हमें व वार्डवासियों को नोटिस के माध्यम से कोर्ट के समक्ष प्रस्तुत होने के लिए कहा गया है। उन्होंने कहा कि हम मोहल्ले वासी लगभग 30 से 40 परिवार के साथ रह रहे हैं, अगर हमें यहां से हटाया जाता है, तो हम सड़क पर रहने को मजबूर हो जाएंगे। इसलिए हमारी समस्या को देखते हुए उचित कार्यवाही करने का आग्रह किया गया है।

**विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन की अनुशंसा पर मिली थी स्वीकृति**

## कुरदी के ग्रामीणों को मिली 70 लाख के विकास कार्यों की सौगात

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद/सिकोसा

ग्राम कुरदी में 70 लाख के विकास कार्यों का भूमि पूजन हुआ। ग्राम पंचायत कुरदी में पूर्व मुख्यमंत्री व विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह का दौरा कार्यक्रम 31 अगस्त को हुआ था, जिनके अनुशंसा पर स्वीकृत 70 लाख के विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन हुआ किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला अध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी बालोद पवन साहू थे, अध्यक्षता पूर्व विधायक गूडरदेही वीरेन्द्र साहू ने की। ग्राम सरपंच संजय साहू के प्रयास से कार्यक्रम का आयोजन किया गया। वार्ड 1 आबादी पारा सीसी रोड निर्माण कार्य 20 लाख, अमृत सरोवर तालाब सौंदर्यीकरण 19 लाख 44 हजार का भूमि पूजन किया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि पवन साहू ने कहा 13 दिसंबर को विष्णु देव साय का कार्यकाल 1 वर्ष पूर्ण हुआ। विष्णु देव की सरकार बनते ही 18 लाख आवास दिए, महतारी बहनों के लिए एक हजार रुपया देते हुए 10 माह पूर्ण हो गया। 3100 में धान खरीदी किये और अंतर की राशि एक किस्त में दी। घरों में शौचालय बनाएं, नल जल योजना के तहत प्रत्येक गांव में टंकी का निर्माण कराया, मोदी की गारंटी के तहत बहुत सारे विकास कार्य बालोद जिले में भी योजनाओं का लाभ आम जनता को मिला।

इस अवसर पर अध्यक्ष मंडल भाजपा अर्जुंदा प्रणेश जैन, टोमन साहू, जिला पंचायत सदस्य नितीश यादव, पवन सोनबरसा, महामंत्री जीतू विश्वास गुप्ता, राजू अग्रवाल, मोहित साहू, पंकज चौधरी, सरपंच अवध राम साहू, सरपंच संतोष तारम, सरपंच छबीलाल कोर्राम, सोमन लाल निषाद, केसु राम साहू, महेश साहू, नरेंद्र देवांगन व ग्रामीण उपस्थित थे।





पाठक सूचना
बालोद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
9425559113, 9425565082
दल्लीराजहरा - 9993246100

